www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, बुधवार, 4 फरवरी 2026


## सुविचार



जिस समय जिस काम के लिए प्रतिज्ञा करो, ठीक उसी समय पर उसे करना ही चाहिये, नहीं तो लोगों का विश्वास उठ जाता है।

-स्वामी विवेकानंद


## लखनऊ के प्रमुख समाचार

- ईंट से कूचकर मजदूर की हत्या सड़क के किनारे फेंका शव II
- फूलों से कब्र सजाकर जलाई मोमबत्ती, पढ़ी फातिहा III
- एनएसयूआई ने कुलपति कार्यालय में की नारेबाजी IV


## शहर में आज



- केजीएमयू में विश्व कैंसर दिवस पर वॉकथॉन का आयोजन- 9:00 बजे। डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी - 9:00 बजे से।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन सभागार में अलीगंज बाल विकास परियोजना अंतर्गत सहायिका भर्ती के आवेदनों की स्क्रीनिंग- 10 :00 बजे से।
- विकास भवन कार्यालय में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा पंचायत भवन, सीएससी, अन्त्येष्टि स्थल समेत अन्य कार्यों की समीक्षा- 11:00 बजे।
- जयशंकर प्रसाद सभागार में पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज की जयंती पर नाट्यशास्त्र और समकालीन शास्त्रीय नृत्य विधाएं विषय पर व्याख्यान- 12:00 बजे।
- विपिन खंड स्थित अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर अधिवक्ता सम्मान समारोह - 2:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# सदन में उठे सवालों का सात दिन बाद भी नहीं दे पाए जवाब

## जन समस्याओं पर पार्षदों ने जलकल, जल निगम, सुएज इंडिया के अधिकारियों को घेरा, 15 दिन में निस्तारण के निर्देश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** 27 जनवरी को हुई नगर निगम सामान्य सदन की बैठक में दूषित पेयजल और लीकेज सीवर की समस्या पर पार्षदों का जवाब देने के लिए मंगलवार को बैठक बुलाई गई। सात दिन बाद बुलाई गई इस बैठक में भी अधिकारी पार्षदों के सवालों का जवाब नहीं दे पाए। पार्षदों ने अधिकारियों को घेरा, हंगामा भी हुआ। इस पर महापौर ने नगर निगम, जलकल, जल निगम और सुएज इंडिया के अधिकारियों को पेयजल और सीवर सहित जनता से जुड़ीं अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए 15 दिन का समय दिया। माहौल गर्म होता देख नगर आयुक्त गौरव कुमार ने तय समय पर निस्तारण का आश्वासन दिया। महापौर ने बताया कि 15 से 18 फरवरी के बीच बजट पर कार्यकारिणी की बैठक होगी।

नगर निगम मुख्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में 27 जनवरी को सामान्य सदन में उठाए गए पार्षदों के सवालों का जवाब देने के लिए अधिकारियों को बुलाया गया था। बैठक में 50 पार्षद ही हुए शामिल हुए। शिकायत सामने आई कि जल निगम बिना अनुमति के कई इलाकों में खुदाई कर पाइप लाइन बिछा रहा है। इसकी सूचना नगर निगम को नहीं दी जाती है। महापौर ने जल निगम के अधीक्षण अभियंता नगरीय शमीम अख्तर को निर्देश दिए कि सभी प्रोजेक्ट्स का विस्तृत विवरण नगर निगम को भी उपलब्ध कराया जाए। ये रिपोर्ट भी मांगी गई कि सीवर व पाइपलाइन डालने के लिए कितनी सड़कों को खोदा गया और कितनी सड़कों का पुनर्निर्माण किया गया है। इस पर जल निगम की ओर से जवाब दिया गया कि मौजूदा वक्त में सरोजनी नगर, चिनहट और जानकीपुरम इलाका शामिल है। महापौर ने आलमबाग सहित कई इलाकों में वाटर व सीवर लाइन में लापरवाही पर जल निगम के खिलाफ शासन को पत्र लिखने की बात कही गई। महापौर ने 27 जनवरी को सदन की बैठक से बिना सूचना के गैरहाजिर होने पर चार पीसीएस जोनल अधिकारियों आकाश कुमार, रामेश्वर प्रसाद, विनीत कुमार और विकास सिंह से जवाब तलब किया।



### संकरी गलियों में हर घर के आगे क्यों बनाए सीवर चेंबर

- महापौर ने संकरी गलियों में प्रत्येक घर के सामने बनाए गए सीवर चैंबरों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार दो से तीन घरों के बीच एक चैंबर होना चाहिए, जबकि कई क्षेत्रों में हर मकान के सामने चैंबर बनाए गए हैं। जोन-5 के कुछ मोहल्लों में 40 मकानों पर 40 से अधिक चैंबर पाए गए हैं, जो अव्यवस्था का संकेत है। इसी प्रकार इंदिरा नगर और जानकीपुरम क्षेत्रों में भी देखी गई है। इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के जल निगम और जलकल को निर्देश दिया गया है।

### चौक के अतिक्रमण पर अनुराग ने उठाया सवाल

- चौक कालीजी वार्ड से भाजपा पार्षद अनुराग मिश्र अन्नू ने अपने वार्ड में अतिक्रमण को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने महापौर को पत्र भी सौंपा। महापौर ने अधिकारियों को फटकार लगाई।

### योजना में भ्रष्टाचार का आरोप

- पीएम आवास पैसे लेकर देने का आरोप भाजपा के पार्षद ने डूडा के अधिकारियों पर लगाया। इस पर कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने बैठक में कहा कि, प्रदेश की भाजपा सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती हैं। लेकिन उन्हीं के पार्षद अरुण राय ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर सरकार की कलई खोल दी।

### खानापूर्ति करने आते हैं अधिकारी : मानसिंह यादव

- भाजपा पार्षद मान सिंह यादव ने सवाल किया कि सदन की बैठक में अपने वार्ड में सीवर लीकेज और दूषित पानी की समस्या को लेकर सवाल किए थे, लेकिन एक सप्ताह बाद भी अधिकारियों ने समस्या का निस्तारण नहीं किया। अधिकारी बैठक में केवल खानापूर्ति करने आए हैं। पार्षद अरुण राय, अनुराग मिश्रा 'अन्नू', ममता चौधरी, भृगुनाथ शुक्ला, मान सिंह यादव, शिवम, रेखा सिंह, राम नरेश चौरसिया, गौरी सांवरिया सहित अन्य पार्षदों ने चोक सीवर लाइन, सीवर कनेक्टिविटी, टूटे ढक्कन और पेयजल से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।महिला पार्षदों ने भाजपा पार्षद दल नेता सुशील तिवारी पम्मी से कहा कि, कुछ लोग हर बैठक को हाईजैक कर लेते हैं। हमारे वार्ड का मुद्दा नहीं उठ पाता है।

### जल निगम अभियंता के बयान पर हंगामा

- जल निगम नगरीय के अधीक्षण अभियंता शमीम अख्तर के बयान पर बैठक में हंगामा हो गया। उनसे महापौर ने पूछा कि कई बार बैठक में बुलाने के बाद भी आप लोग नहीं आते हैं। इस बैठक में भी आपकी ओर से छोटे अधिकारियों को भेज दिया गया। जिस पर उन्होंने कहा कि सदन की बैठक में गंभीर चर्चा नहीं होती है और पूरी बैठक हंगामे की भेंट चढ़ जाती है। जिस पर सभी पार्षदों ने आपत्ति जताई। जिस पर अभियंता की ओर से खेद प्रकट व्यक्त किया गया। जीएम जलकल कुलदीप सिंह और सुएज इंडिया के प्रोजेक्ट हेड राजेश मठपाल को निर्देश दिए गए कि जलकल से संबंधित शिकायतों का निस्तारण 24 घंटे के भीतर किया जाए। सुएज इंडिया को अनुबंध के अनुसार क्षेत्र में आवश्यक उपकरण तैनात करने के भी निर्देश दिए। प्रोजेक्ट हेड राजेश मठपाल ने कहा कि, अभी हमारा 21 करोड़ रुपये का भुगतान रुका है। नगर आयुक्त ने शासन से वार्ता कर भुगतान कराने का आश्वासन दिया।

## सिटी ब्रीफ

### डॉ. देवाशीष बने अटल विवि के परीक्षा नियंत्रक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी का परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के विशेष सचिव धीरेंद्र सिंह सचान की ओर से मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किया गया। उनकी प्रतिनियुक्ति तीन वर्ष के लिए की गई है। डॉ. शुक्ला ने कहा कि यूनिवर्सिटी से संबद्ध कॉलेजों में समय पर परीक्षा और परिणाम घोषित करना उनकी प्राथमिकता होगी। पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया और मानकों के अनुरूप संबद्धता सुनिश्चित कर अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का लक्ष्य रहेगा।

### अतिक्रमण और गंदगी पर वसूला जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने मंगलवार को अभियान चलाकर प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों से अतिक्रमण हटाए। जोन 2 के चन्द्रभानु गुप्त वार्ड में मोती नगर में अभियान चलाकर अतिक्रमण व गंदगी पर 5,000 रुपये और प्रतिबंधित पॉलीथिन पर 5,000 रुपये शमन शुल्क वसूला। जोन 6 में मोहान रोड नहर से आगरा एक्सप्रेस वे तक अभियान चलाकर कुल 30 अस्थायी दुकानें हटाईं।

### सोशल ऑडिट के लिए सदस्यों का चयन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों और भुगतान का सोशल ऑडिट करने के लिए सदस्य रखे जाएंगे। इसके चयन की प्रक्रिया ग्राम्य विकास विभाग ने शुरू कर दी है। विकास भवन स्थित कार्यालय में आवेदनों की स्क्रीनिंग होने लगी है। साक्षात्कार के बाद नियुक्त किया जाएगा। 15 ग्राम पंचायतों पर एक टीम कार्य करेगी। एक टीम में चार सदस्य रखे जाएंगे। एक सदस्य को प्रति ऑडिट 435 रुपये भुगतान किया जाएगा।

# बादल छाए, दिन में हुई रात, एक घंटे में 7 मिमी बारिश

## तेज हवा से कई जगह होर्डिंग्स गिरीं, ग्रामीण क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने से फसलों को नुकसान की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में मंगलवार सुबह अचानक मौसम बदल गया। सुबह करीब 10 बजे घने बादल घिर आए, कुछ देर तेज हवा चली फिर बारिश शुरू हो गई। करीब 1 घंटे में 7 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में ओले भी गिरे। इससे फसलों को नुकसान पहुंचा है। बारिश और ओलावृष्टि से अधिकतम तापमान 6 डिग्री गिरकर 20.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। न्यूनतम तापमान करीब 1 डिग्री बढ़कर 14.3 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य से 5.3 डिग्री अधिक रहा।

कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष/वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने कहा कि जिन क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है वहां गेहूं, आलू, सरसों, मटर, टमाटर समेत अन्य फसलों में नुकसान होने की आशंका है। जिन इलाकों में सिर्फ बारिश हुई वहां फसलों को लाभ होगा। जहां जलभराव की स्थिति है वहां निकासी करें। और खेत सूखने तक गेहूं फसल की सिंचाई न करें।

बाग में जिन आम के पेड़ों में बौर आए वो बारिश से काले पड़ने की संभावना है। जिन पेड़ों में जाला व कीट लगा था वह बारिश के पानी से धुलकर साफ हो गया है। इससे किसानों को पेड़ों की धुलाई करने की जरूरत नहीं है। ऐसी स्थिति में बागवानों को बौर बचाने की जरूरत है। फूल यानी बौर लगे पेड़ों में एक ग्राम थायोफिनेट मिथाइल प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। इसके अलावा सभी पेड़ों पर दो ग्राम सल्फर प्रति लीटर पानी में मिलाकर जरूर छिड़कें। इससे गर्मी आएगी और फफूंदी नहीं लगेगी।



शहर के आलमबाग इलाके में बारिश के दौरान भीगते हुए जाते राहगीर। अमृत विचार

### आज तापमान में गिरावट के आसार

- मौसम विभाग के अनुसार निचले क्षोभमंडल में पंजाब के आस-पास संकेंद्रित पश्चिमी विक्षोभ एवं उत्प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से सुबह अचानक तेज हवा के झोंके के साथ बारिश हुई। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने से बुधवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ सुबह घने कोहरे के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी और आस-पास बुधवार को भी बादल छाये रहेंगे और बूंदाबांदी के आसार हैं।



### सर्वे शुरू, बीमित फसलों का 72 घंटे के अंदर करें व्यक्तिगत दावा

- बारिश से प्रभावित फसलों का उपनिदेशक कृषि विनय कौशल ने सर्वे कराकर न्याय पंचायत वार रिपोर्ट मांगी है। इससे की नुकसान का आकलन किया जा सके। साथ ही किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत बीमित फसलों का व्यक्तिगत दावा करने की अपील की है। बताया कि बेमौसम बारिश से फसलों की क्षति होने पर टोल-फ्री नंबर 14447 पर 72 घंटे के अंदर शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा किसान संबंधित बैंक, जिला कृषि अधिकारी अथवा उपनिदेशक कार्यालय में लिखित शिकायत भी दें। फसल बीमा की टीम स्थलीय सर्वेक्षण करके क्षतिपूर्ति देगी।

# बारिश से बचने को खड़े थे दरोगा काटने लगा चालान

- लोहिया पथ के जियामऊ फुट ओवरब्रिज पर फोटो खींचते ही मची अफरा-तफरी
- पुलिस अधिकारी बोले- नहीं किया कोई चालान, वीआईपी मूवमेंट के चलते हटाया गया
- सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से कार्यशैली पर उठे सवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में मंगलवार सुबह अचानक आंधी-पानी के दौरान लोहिया पथ के जियामऊ फुट ओवरब्रिज के नीचे लोग बाइक खड़ी कर भीगने से बचने के लिए खड़े हुए। इसी दौरान पुलिसकर्मी हाथ में मोबाइल लेकर चालान के लिए सभी गाड़ियों की नंबर प्लेट की फोटो खींचना शुरु कर दिया। यह देख वहां अफरा-तफरी मच गयी। लोग चालान से बचने के लिए टू-व्हीलर लेकर भागने लगे। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लखनऊ पुलिस की काफी किरकिरी हो रही है। सोशल मीडिया पर यूजर्स पुलिस को संवेदनहीन बताते हुए कार्यशैली पर सवाल उठाया। साथ ही तरह-तरह के कमेंट किए। वहीं, पुलिस अधिकारियों का दावा है कि वीआईपी मूवमेंट में सुरक्षा और मार्ग बाधित होने की दृष्टि से वाहन चालकों सामान्य रूप से हटाया गया था। किसी के वाहन का चालान नहीं हुआ।

सुबह करीब 10:15 बजे कड़ाके की ठंड में बारिश के दौरान दोपहिया वाहन चालक भीगने से बचने के लिए फुटओवर ब्रिज के नीचे खड़े थे। इस बीच पुलिस की एक जीप और एक इंटरसेप्टर का हटूर बजाते हुए पहुंची। गाड़ियों से उतरे पुलिस कर्मियों ने वाहनों की मोबाइल से फोटो खींचनी शुरु कर दी। यह देख लोग वाहन लेकर भीगते हुए भागने लगे। पुलिस ने गाड़ियां हटवा दी। पुलिसकर्मी की इस हरकत का वहां मौजूद शख्स ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

इंस्पेक्टर गौतमपल्ली रत्नेश सिंह ने बताया कि वीआईपी मूवमेंट था। लोग आधी सड़क तक गाड़ियां लेकर खड़े थे। सुरक्षा और मार्ग बाधित न हो इस दृष्टि से वाहन चालकों को पुलिस कर्मियों ने किनारे होने के लिए निवेदन किया था। सोशल मीडिया पर प्रसारित आरोप पूरी तरह से गलत हैं। किसी भी वाहन का चालान नहीं किया गया।



ऑनलाइन चालान के लिए फोटो खींचता दरोगा।

## केजीएमयू

### संस्थान के इतिहास में पहली बार अपनाई गई ट्रांसहेपेटिक असिस्टेड पेरोरल डुओडनल स्टेंटिंग प्रक्रिया

# बिना चीर-फाड़ जटिल कैंसर मरीज को मिली नई जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के डॉक्टरों ने पेट और शरीर के अन्य अंगों तक फैल चुके कैंसर से महिला मरीज को राहत दिलाई है। मरीज खाना-पानी तक नहीं खा पा रही थी। ऐसे जटिल मामले में डॉक्टरों ने बिना चीर-फाड़ पेट की रुकावट को दूर किया। डॉक्टरों के अनुसार केजीएमयू के इतिहास में यह प्रक्रिया पहली बार अपनाई गई है।

पारा निवासी 56 वर्षीय महिला गॉल ब्लैडर कैंसर से पीड़ित थी। कैंसर धीरे-धीरे पेट और लिवर तक फैल गया। मरीज को लगातार उल्टियां होने लगीं। भोजन करने में कठिनाई के साथ शरीर कमजोर होता जा रहा था। परिजन मरीज को लेकर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) पहुंचे। वहां इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग की टीम ने परीक्षण किया। डॉक्टरों के अनुसार सामान्यतः ऐसे मामलों में एंडोस्कोपिक डुओडनल स्टेंटिंग की जाती है, लेकिन मरीज की हालत इतनी गंभीर थी कि मुंह से पेट तक का रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका था, जिससे यह प्रक्रिया संभव नहीं थी। रेडियो डायग्नोसिस विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनित परिहार और डॉ. मनोज कुमार के मार्गदर्शन में डॉ. सौरभ, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. नितिन और डॉ. सूर्य की टीम ने ट्रांसहेपेटिक असिस्टेड पेरोरल डुओडनल स्टेंटिंग के माध्यम से बिना चीर फाड़ पेट की रुकावट को दूर किया।

### नाभि और मुंह से डाले दो तार

- डॉ. सौरभ ने बताया कि अल्ट्रासाउंड की मदद से नाभि के ऊपर से सुई द्वारा लिवर तक तार पहुंचाया गया। उसे पित्त नली (बाइल डक्ट) तक ले जाया गया। दूसरा तार मुंह के रास्ते पेट तक पहुंचाया गया। दोनों तारों को आपस में जोड़कर मुंह के रास्ते बाहर निकाला गया और फिर एंडोस्कोप की सहायता से कैंसर प्रभावित हिस्से में स्टेंट डाला गया, जिससे पेट की रुकावट दूर हो गई। गैस्ट्रो मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुमित रूंगटा ने बताया कि यह तकनीक कैंसर को ठीक नहीं करती, लेकिन मरीज की गंभीर तकलीफ को कम कर उसके जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार लाती है। प्रक्रिया के बाद मरीज अब सामान्य रूप से मुंह से भोजन कर पा रही है।



मरीज के साथ चिकित्सक।

# अब बिना चीरा लगाए हो जाएगा दिमाग के ट्यूमर का इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में अगले दो से तीन माह में मरीजों को साइबर नाइफ तकनीक के जरिए आधुनिक और सटीक इलाज की सुविधा मिलने लगेगी। साइबर नाइफ से बिना चीरा लगाए दिमाग के पिछले हिस्से में पनपे ट्यूमर का इलाज हो सकेगा। मंगलवार को संस्थान में यह मशीन स्थापित की गई।

संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट ने बताया कि कैंसर तेजी से फैल रहा है और इसके पीछे अनुवांशिक और जीवनशैली से जुड़े कई कारण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंसर के इलाज के साथ उपचार की गुणवत्ता में भी सुधार जरूरी है और इसी दिशा में संस्थान लगातार कदम उठा रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वरुण विजय ने कहा कि प्रदेश भर से आने वाले मरीज किफायती दर पर इलाज का लाभ उठा सकेंगे। रेडिएशन से संबंधित मान्यता के लिए आवेदन किया गया है। इस अवसर पर रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. शरद सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता, डॉ. रूमीता सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



मशीन के साथ संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट व अन्य।

## सिटी ब्रीफ

### सड़क हादसे में किशोरी की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट के देवा रोड पर पिता को खाना देने जा रही अर्पिता (13) को बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। आजमगढ़ के कप्तानगंज निवासी मनोज उपाध्याय टाटा टेल्को कंपनी में मजदूरी करते हैं। वह परिवार संग नौबस्ता कला गांव में रहते हैं। भाई अनूप उपाध्याय ने बताया कि सोमवार की शाम मनोज की बेटी अर्पिता अपने पिता को खाना देने के लिए पैदल कंपनी जा रही थी। इसी बीच कंपनी से कुछ दूर पहले सड़क पार करते वक्त बेकाबू ट्रैक्टर-ट्राली ने बच्ची को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बच्ची उछलकर सड़क के डिवाइडर पर जा गिरी। घटना को देखकर राहगीर रुक गए। इस बीच राहगीरों ने पुलिस कंट्रोल रूम में घटना की जानकारी दी। चिनहट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर बच्ची के परिजन को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सुपुर्द कर दिया। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक बच्ची के पिता ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलती है तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा के बेलहा निवासी पंकज (22) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह सोमवार शाम को अपने दोस्त के साथ घर से बॉक्स लेने गया था। इसके बाद वह बेहोश हो गया। साथी युवक उसे घर पहुंचाकर निकल गये। काफी देर तक पंकज को होश नहीं आया। इस परिवार के लोग अस्पताल लेकर गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। इंदिरानगर के बादशाह नगर निवासी पंकज कुछ दिनों से बेलहा में अपनी मौसी के घर में रहता था। मामा मुखराम ने बताया कि सोमवार को पंकज के दोस्त उसे बॉक्स खरीदने की बात कहकर अपने साथ ले गए थे। आरोप है कि रास्ते में तीनों ने शराब पी। कुछ देर बाद ई-रिक्शे से बॉक्स लेकर दो दोस्त पहुंच गए। पंकज अचेत हालत में अपने घर पहुंचा। मौसी ने पंकज की हालत देखकर दोस्तों से पूछताछ की। दोस्तों ने बताया कि पंकज ने शराब पी है। जिसके चलते वह नशे में है। दोस्त पंकज को कमरे में लिटाकर चले गए। काफी देर तक युवक को होश नहीं आया तो मौसी ने परिवार के लोगों को सूचना दी। परिजन पंकज को निजी अस्पताल लेकर गये। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

### दबंगों ने घर में घुसकर किया हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर के अमराई गांव में चाकू, हथौड़े और रॉड से लैस दबंगों ने घर में घुसकर एक युवक पर हमला कर दिया। इंदिरानगर के अमराई गांव निवासी प्रभात ने बताया कि 31 जनवरी की रात वह घर लौट रहे थे। रास्ते में उनके बड़े भाई प्रशांत से आकाश गौतम उर्फ लल्लू झगड़ा कर रहा था। आरोपी ने भाई का गला पकड़ रखा था। प्रभात ने दोनों लोगों को अलग करते हुए झगड़ा न करने की बात कही। इसके बाद वह बड़े भाई प्रशांत के साथ घर चले गए थे। आरोप है कि कुछ देर बाद आरोपी दीपक उर्फ लकपति, आकाश, विशेष और शिवकुमार ने घर पर धावा बोल दिया। चाकू, हथौड़े और रॉड से लैस आरोपियों ने प्रभात के भाई प्रमोद पर हमला कर दिया। हमले में प्रमोद और दो चाचा को गंभीर चोटें आईं हैं। शोर सुनकर आस-पास के लोग मदद के लिए पहुंचे। लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इंदिरानगर पुलिस ने प्रभात की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को फेसबुक पर धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय को फेसबुक पर धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू ने बताया कि 3 फरवरी को दोपहर करीब दो बजे वह संगठन के साथियों के साथ नेहरू भवन, माल एवेन्यू स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मौजूद थे। इसी दौरान सोशल मीडिया पर मनीष शुक्ला के फेसबुक अकाउंट से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की फोटो के साथ उन्हें सबक सिखाने की धमकी देता एक पोस्ट सामने आया। पोस्ट में प्रयुक्त फोटो को आपत्तिजनक बताया गया है। तहरीर में कहा गया है कि धमकी भरे पोस्ट से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश है और इससे माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई है। एसआई हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

# ईंट से कूचकर मजदूर की हत्या सड़क के किनारे फेंका शव

## सोमवार रात को घर से निकला था मृतक, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुशांत गोल्फ सिटी के मुल्लाखेड़ा गांव में हुई घटना
- शुरुआती जांच में सिर व सीने पर वार से मौत की बात आई सामने

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी के चौरासी गांव निवासी मजदूर संतराम रावत (40) की ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई। उसका शव मुल्लाखेड़ा गांव के पास मंगलवार सुबह खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। शुरुआती जांच में सामने आया है कि संतराम के सिर और सीने पर ईंट से कई वार किए गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मामले के खुलासे के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

सुशांत गोल्फ सिटी के चौरासी गांव में संतराम रावत परिजनों के साथ रहते थे और मजदूरी करते थे। सोमवार रात करीब 8:40 बजे वह शराब लेने के लिए घर से निकले थे, लेकिन इसके बाद वापस नहीं आए। परिजनों ने उनकी कई जगह तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह मुल्लाखेड़ा गांव के पास किसान पथ की सर्विस लेन के किनारे से गुजर रहे ग्रामीणों ने खून से लथपथ शव पड़ा देखा। इसकी सूचना सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी।

**ठेके पर मिली साइकिल:** पुलिस जांच के दौरान चौरासी गांव से करीब एक किलोमीटर दूर मंगलवार दोपहर शराब के ठेके पर पहुंची, जहां संतराम की साइकिल खड़ी मिली। पुलिस ने साइकिल को कब्जे में ले लिया है। शराब के ठेके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई, जिसमें संतराम को शराब पीते हुए देखा गया। उसके साथ कुछ अन्य लोग भी शराब पीते नजर आए। इसके अलावा पुलिस शराब के ठेके के पास सड़क किनारे बने मकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि यह पता चल सके कि संतराम शराब के ठेके से मुल्लाखेड़ा गांव के पास किसान पथ के किनारे तक कैसे पहुंचे।

### पहचान छिपाने को चेहरा खराब करने का प्रयास

- पुलिस के मुताबिक संतराम के सिर और सीने पर ईंट से ताबड़तोड़ वार किए गए थे। पहचान छिपाने के इरादे से चेहरे पर भी कई वार किए गए। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। घटनास्थल से खून से सनी ईंट बरामद की गई है। इस मामले में मृतक के भाई मस्तराम की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस के अनुसार संतराम के मुंह और नाक से खून बह रहा था और शरीर पर कई जगह चोटों के निशान थे।

### करीबियों पर हत्या का शक

- सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को संतराम की हत्या में उसके करीबियों की भूमिका होने का शक है। इस आधार पर कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि संतराम की किसी से कोई रंजिश तो नहीं थी। साथ ही उसके साथ शराब पीने वालों और शराब के ठेके पर काम करने वालों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि शराब पीने के दौरान किसी से विवाद हुआ, जिसके बाद संतराम की हत्या कर दी गई।

## जाम का झाम



अयोध्या रोड स्थित कमता चौराहे पर लगा भीषण जाम। ● अमृत विचार

# किशोरी से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** ठाकुरगंज पुलिस ने मंगलवार को किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान के मुताबिक पीड़िता ने सोमवार को थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि वह घर पर अकेली थी। इस बीच गांव का मो. शोएब घर में घुस गया। उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटने लगे। भीड़ को आता देख आरोपी भाग निकला। शाम को घर आए पिता को किशोरी ने घटना की जानकारी दी। गुस्साए परिजन आरोपी के घर गए। आरोप है कि आरोपी के परिजनों ने किशोरी के परिजनों को गाली-गलौज करते हुए भगा दिया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ने सोमवार देर रात आरोपी मो. शोएब मानस हॉस्पिटल के सामने है। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। वह अंधे की चौकी बाजनगर दुबग्गा का रहने वाला है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

# जालसाज ने बुजुर्ग समेत चार के खातों से उड़ाए 4.31 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पारा, दुबग्गा और निगोहां थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** साइबर जालसाज लगातार लोगों की गाढ़ी कमाई लूट रहे हैं। जालसाजों ने बुजुर्ग समेत चार के खातों से 4.31 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने परिचित बनकर फंसाया तो कहीं जीवित प्रमाण पत्र के नाम पर ठगा। साइबर ठगी के यह मामले पारा, दुबग्गा और निगोहां के हैं। पुलिस चारों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

पारा के सलेमपुर के पश्चिम विहार कॉलोनी निवासी पश्चिम विहार कॉलोनी निवासी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 25 जनवरी को एक कॉल आयी। भाई बनकर बात की। कहा कि वीजा समाप्त होने वाला है। नंबर देते हुए एजेंट से बात करने को कहा। जितेंद्र ने अंजान नंबर पर बात की तो जालसाज ने 1.80 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसी थाना क्षेत्र के बुद्धेश्वर स्थित आदर्श विहार कालोनी निवासी विकास निगम ने बताया कि जालसाज ने खाते से 92 हजार रुपये निकाल लिए।

वहीं, दुबग्गा चौराहा निवासी जय सिंह का खाता इंडियन बैंक में है। कुछ दिन पहले साइबर जालसाज ने यूपीआई आईडी के जरिए उनके खाते दो बार में करीब 90 हजार रुपये गायब कर दिए। साइबर क्राइम सेल में शिकायत करने के बाद पीड़ित ने दुबग्गा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। उधर, निगोहां के ग्राम कांटा निवासी बुजुर्ग अवधेश कुमार बाजपेयी ने बताया कि 17 जनवरी को जीवित प्रमाण पत्र भरने के लिए ऑनलाइन एप खोला था। इसी दौरान एक कॉल आयी और जीवित प्रमाण पत्र मुहैया कराने का झांसा दिया। जालसाज ने व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर पांच रुपये ऑनलाइन फीस मांगी। उसके बाद खाते से 69 हजार रुपये पार कर दिए।

# कंपनी में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर सैन्यकर्मी से ठगे 58 लाख

संवाददाता, आलमबाग

- प्रतिमाह साढ़े सात प्रतिशत मुनाफे का दिया था आश्वासन
- डीसीपी साउथ के आदेश पर कंपनी मालिक समेत पांच पर कृष्णानगर में रिपोर्ट

**अमृत विचार :** रियल एस्टेट कंपनी में निवेश के नाम पर जालसाजों ने एक सैन्यकर्मी से 58 लाख रुपये की ठगी कर ली। रिटायर्ड सूबेदार व कंपनी मालिक ने निवेश पर प्रतिमाह साढ़े सात प्रतिशत मुनाफा देने का झांसा दिया था। जाल में फंसे पीड़ित ने कंपनी में रकम निवेश की, लेकिन न तो मुनाफा मिला और न ही मूल धन वापस किया गया। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने कंपनी मालिक समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मूल रूप से फतेहपुर निवासी सैन्यकर्मी श्रीराम शुक्ल वर्तमान में लखनऊ में तैनात हैं। वर्ष 2024 में वह लखनऊ में प्लॉट खरीदने के इच्छुक थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात रिटायर्ड सूबेदार सुभाष





से हुई। बातचीत के दौरान सुभाष ने बताया कि आशियाना स्थित धारा ग्रीन इंफ्राटेक कंपनी में निवेश करने पर प्रतिमाह साढ़े सात प्रतिशत रिटर्न मिलता है और दो साल बाद जमा की गई पूरी रकम वापस कर दी जाती है। सुभाष ने यह भी दावा किया कि उन्होंने स्वयं कंपनी में निवेश किया है और कंपनी की ओर से उन्हें दुबई टूर का पैकेज भी मिला था।

आरोप है कि सुभाष ने जाल में फंसाकर श्रीराम की मुलाकात कंपनी मालिक प्रशांत सोनी, कंपनी के अधिकारी रवि सरोज व अभिषेक से कराई। बातचीत के बाद पीड़ित श्रीराम ने जनवरी 2024 से जून 2024 के बीच अलग-अलग किस्तों में कुल 58 लाख रुपये निवेश कर दिए। जुलाई माह में जब उन्होंने रुपये वापस मांगे तो कंपनी के लोग टालमटोल करने लगे। नवंबर 2024 में एग्रीमेंट होने के बावजूद भी आरोपियों ने रकम नहीं लौटाई। दबाव बनाने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर धमकी दी।

58 लाख रुपये की धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित श्रीराम ने डीसीपी साउथ से मुलाकात कर पूरे मामले की शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही पाए जाने पर कृष्णानगर पुलिस ने प्रशांत सोनी, रवि सरोज, रिटायर्ड सूबेदार सुभाष, अभिषेक व शशिभूषण के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी और गाली-गलौज की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्लॉट के नाम पर मुख्य आरक्षी की पत्नी से ठगे 7.50 लाख

संवाददाता, सरोजनीनगर

- एसीपी कृष्णानगर के आदेश पर कंपनी डॉयरेक्टर समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** कानपुर की रहने वाली मुख्य आरक्षी की पत्नी को प्लॉट बेचने का झांसा देकर रियल इस्टेट कंपनी के महिला डॉयरेक्टर व अन्य से साढ़े सात लाख रुपये ठग लिए। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा के आदेश पर सरोजनीनगर पुलिस ने कंपनी की डॉयरेक्टर समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कानपुर के बर्रा निवासी संजय सिंह परमार कन्नौज में मुख्य आरक्षी के पद पर हैं। पत्नी निकिता सिंह ने बताया कि बच्चों की शिक्षा के लिए लखनऊ में प्लॉट खरीदना चाहती थी। इसी दौरान वर्ष 2023 में उनका संपर्क प्रांशु दीक्षित और अमन दुबे से हुआ। आरोप है कि वर्ष 2023 में लखनऊ आने पर प्रांशु दीक्षित ने खुद को मैजिस्टिक्स इंफ्रा डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा बताते हुए पीड़ित दंपति व परिजन को सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा के पास प्लॉटिंग दिखायी।

जल्द रजिस्ट्री व डेवलपमेंट का भरोसा दिलाया। पीड़िता का कहना है कि उसने कंपनी की निदेशक सुमिता मिश्रा, साक्षी धवन और नीलम दीक्षित से भी मुलाकात कराई। बातचीत में 1250 वर्गफुट प्लॉट की कीमत 14,38,750 रुपये तय हुई। दंपति ने 50 हजार रुपये चेक से और 7 लाख रुपये कंपनी खाते में जमा करा लिए। काफी समय बीतने के बाद भी न तो प्लॉट की रजिस्ट्री कराई और न ही पैसा वापस किया। आरोप है कि 25 मार्च 2025 को रजिस्ट्री की मांग करने पर प्रांशु दीक्षित, अमन दुबे और उनके साथ मौजूद अन्य लोगों ने धमकाया। सरोजनी नगर पुलिस ने पीड़ित निकिता सिंह की तहरीर पर सुमिता मिश्रा निवासी कौशलपुरी आलमबाग, साक्षी धवन, नीलम दीक्षित, प्रांशु दीक्षित व अमन दुबे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर छापा, सात गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 11 हुक्के, चिलम, फ्लेवर्ड तंबाकू व अन्य सामान बरामद
- संचालक व मालिक की तलाश, अलीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** अलीगंज स्थित द पैंटा हाउस में कैफे की आड़ में धड़ल्ले से चल रहे हुक्का बार अलीगंज पुलिस ने छापा मारा। पुलिस ने घेराबंदी कर सात युवकों को गिरफ्तार किया है। मौके से 11 हुक्के, चिलम, पाइप, फ्लेवर्ड तंबाकू, चारकोल व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस हुक्का बार के संचालक व मालिक की तलाश कर रही है।

इंस्पेक्टर अलीगंज अशोक सोनकर ने बताया कि पिछले कई दिनों से सेक्टर-बी स्थित पैंटा हाउस कैफे में अवैध रूप से हुक्का बार चलाए जाने की सूचना मिल रही थी। सोमवार रात उपनिरीक्षक धर्मराज सिंह ने पुलिस टीम के साथ कैफे में छापेमारी की। पुलिस कर्मियों को देखते ही कैफे में मौजूद लोग भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर सात लोगों को मौके से पकड़ लिया।

पकड़े गए युवकों में सीतापुर के सिधौली निवासी अतुल रावत उर्फ छोटू, अतरौली मायापुरी निवासी इनायत अली, महिगवां निवासी अरुण कुमार, इटौंजा बीबीपुर निवासी अभिषेक तिवारी, डालीगंज निवासी विभूम शर्मा उर्फ हर्ष, प्रत्यूष वर्मा निवासी बाबूगंज हसनगंज और बीकेटी के कठवारा निवासी रणविजय सिंह चौहान हैं। इंस्पेक्टर ने बताया पूछताछ में पता चला कैफे का मालिक आदित्य यादव है, लेकिन वर्तमान में संचालन उसका भाई आर्यन यादव द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने उपनिरीक्षक धर्मराज सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### लाइसेंस का झांसा देकर बुलाते थे आरोपी

- इंस्पेक्टर ने बताया कि 18 से कम उम्र के व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद की बिक्री करना मना है। इस नियम की अनदेखी द पैंटा हाउस कैफे में की जा रही थी। पूछताछ में हुक्का पी रहे युवकों बताया कि संचालक कम उम्र के लड़कों और छात्रों को हुक्का बार का लाइसेंस होने का झांसा देता था। कई बार स्कूल ड्रेस में भी छात्र बिना किसी रोकटोक के आते थे।

# मुनाफे का लालच देकर महिला से ठगे दो लाख

**अमृत विचार , लखनऊ :** पीजीआई इलाके में रहने वाली महिला को साइबर जालसाजों ने मोटे मुनाफे का लालच दिया। उनसे दो लाख रुपये ठग लिये। पीड़िता ने पीजीआई थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वृंदावन सेक्टर-4 स्थित हाइट निवासी अमिता सिंह के मुताबिक अगस्त महीने में अनजान मोबाइल नंबर से उनके पास कॉल आया। उन्हें एल्गो ट्रेडिंग के मोटे मुनाफे का लालच दिया गया। जालसाजों ने डिमैट खाता खोलने का झांसा देकर पीड़िता से दो किश्तों में दो लाख रुपए अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। पीड़िता ने एक लाख रुपए मां आशा पूजा ट्रेडर और एक लाख रुपए वैष्णवी एंटरप्राइज के नाम पर भेजे। कुछ महीने बाद अमिता सिंह को पता चला कि उसने मूल खातों में रुपए ट्रांसफर किए हैं। पीड़िता ने ठगी का संदेह होने पर साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।


# शायर मुनव्वर राना की बेटी हिबा को पति ने दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सआदतगंज थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट, पुलिस कर रही जांच
- दहेज में मांगे 20 लाख रुपये व फ्लैट, न देने पर करते थे प्रताड़ित

**अमृत विचार :** मशहूर शायर मुनव्वर राना की बेटी हिबा राना को उनके पति ने तीन तलाक दे दिया। आरोप है कि पति और ससुराल वालों ने दहेज में 20 लाख रुपये और फ्लैट की मांग की। मांग पूरी न होने पर हिबा को लगातार प्रताड़ित किया गया। पीड़िता की तहरीर पर सआदतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सआदतगंज निवासी हिबा राना के अनुसार 19 दिसंबर 2013 को उनका निकाह करीमगंज निवासी सैय्यद मो. साकिब से हुआ था। निकाह के समय उनके पिता ने दहेज में लाखों रुपये के आभूषण और दस लाख रुपये नकद दिए



थे। इसके बावजूद आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष दहेज में 20 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगे। विरोध करने पर पति और ससुर द्वारा मारपीट और मानसिक प्रताड़ना दी जाती थी।

हिबा ने बताया कि मामले की जानकारी होने पर पिता ने आरोपियों की मांग पूरी कर दी थी। इसके बाद भी 9 अप्रैल 2025 को एक बार फिर पति और ससुर ने दहेज में तीन लाख रुपये और फ्लैट की मांग की। असमर्थता जताने पर पति मो. साकिब और ससुर हसीब ने जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई।

हिबा ने बताया कि जब उनकी बहन आर्शिया ससुराल मिलने पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ भी गाली-गलौज की। इसके बाद पति ने तीन तलाक देकर हिबा और उसकी बहन को धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया। इंस्पेक्टर संतोष आर्य के मुताबिक मीडिएशन की प्रक्रिया विफल होने के बाद एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# दंपति ने युवक को अगवा कर बंधक बनाकर लूटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कानपुर देहात के एक युवक ने परिचित दंपति और उनके साथियों पर अगवा कर बंधक बनाने व मारपीट कर लूट का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर बीबीडी थाने में दंपति समेत चार नामजद और पांच-सात अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कानपुर देहात के रूरा रामनगर निवासी कुलदीप गुप्ता के अनुसार उनके परिचित अजीत द्विवेदी चिनहट स्थित मालगुडी होम में रहते हैं। 4 नवंबर 2025 की रात करीब नौ बजे अजीत ने उन्हें मुलाकात के बहाने रामस्वरूप कॉलेज के पास बुलाया। वहां अजीत, उसकी पत्नी चारु द्विवेदी, विद्याभूषण, गुलाम वारिस और अन्य लोग पहले से मौजूद थे। आरोप है कि सभी ने जबरन कुलदीप को खींचकर गाड़ी में बैठा लिया।

पीड़ित का आरोप है कि उसे बंधक बनाकर मारपीट की गई और स्वीट सेंचुरी जिम ले जाकर हॉल में पीटा गया। आरोपियों ने बहराइच ले जाकर गला रेतकर हत्या करने की धमकी दी।पीड़ित ने 10 नवंबर को बीबीडी थाने में तहरीर दी थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## अपराध — चोरी की दो वारदातों का खुलासा

# जेल में की दोस्ती, बाहर निकलकर तोड़े ताले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट में दो आरोपी गिरफ्तार, जेवर, 2.66 लाख रुपये व बाइक बरामद
- पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया

**अमृत विचार:** जेल में दोस्ती होने के बाद चोरों ने बाहर निकलकर बंद मकानों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चिनहट पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लाखों के जेवर, 2.66 लाख, बाइक व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने चिनहट और आशियाना की एक-एक चोरी की वारदात का खुलासा किया है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी इंदिरानगर के जरहरा निवासी राहुल गुप्ता और गोंडा के कर्नलगंज निवासी रामू कश्यप उर्फ करिया हैं। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों ने 24 जनवरी की रात हरदासी खेड़ा निवासी सुरेंद्र शर्मा के घर का ताला तोड़कर चोरी की थी। चोर वहां से जेवर, 1.10 लाख रुपये नकद, सीडी डीलक्स बाइक समेत अन्य सामान उठा ले गए थे। इसके साथ ही 28 जनवरी को आशियाना में शाहेदा हुसैन के बंद मकान में चोरी की थी।

इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि दोनों आरोपी पहले भी कई बार चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं। जेल में ही दोनों की दोस्ती हुई और रिहा होने के बाद साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई। आरोपी बंद मकानों की रेकी कर वारदात को अंजाम देते थे। राष्ट्रीय ग्रामोद्योग आश्रम के पास चोरी के माल का बटवारा करते समय पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। दोनों आरोपियों पर करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# बैंक स्टॉफ ने मृत कर्मी पर मढ़ा आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लॉकर तोड़कर 48 लाख के जेवर चोरी करने का मामला

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक और अन्य कर्मियों ने खुद को फंसता देख बैंक के मृत कर्मचारी महेंद्र कुमार तिवारी पर जेवर हड़पने का आरोप मढ़ दिया था। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि बैंक के पूर्व और वर्तमान शाखा प्रबंधक समेत अन्य कर्मचारियों को नोटिस जारी कर बयान के लिए बुलाया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गढ़ी पीर खां में रहने वाले राम प्यारे का पीएनबी में खाता है। उनका कहना है कि लॉकर काटकर 48 लाख रुपये के जेवर गायब हुए हैं। उन्होंने 20 अक्टूबर 1987 को बैंक में लॉकर लिया था। उसमें पत्नी, बहुओं और पूर्वजों के जेवर रखे थे। 21 जून 2024 में वे बैंक गए तो बैंक प्रबंधक ने कहा कि लॉकर अस्तित्व में नहीं है। फिर कहा गया कि लॉकर तोड़कर सारा सामान दूसरे लॉकर में रखकर किसी दूसरे ग्राहक को आवंटित कर दिया गया है। आरोप है कि चोरी छिपाने के लिए बैंक ने उनके खाते में 55 हजार रुपये ट्रांसफर कर मामला खत्म करने का प्रयास किया था। पीड़ित ने एक फरवरी को शाखा प्रबंधक समेत अन्य बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

**सिटी ब्रीफ**

### बिरजू महाराज की जयंती पर समारोह आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिरजू महाराज कथक संस्थान कथक सम्राट पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज की जयंती पर 4 और 5 फरवरी को कार्यक्रम आयोजित करेगा। अध्यक्ष डॉ. कुमकुम धर ने बताया कि पहले दिन दोपहर 12 बजे से जयशंकर प्रसाद सभागार में नाट्यशास्त्र और समकालीन शास्त्रीय नृत्य विधाएं विषय पर वाराणसी के डॉ. गौतम चटर्जी का व्याख्यान होगा। भातखंडे संस्कृति विवि की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह मुख्य अतिथि होंगी। दूसरे दिन शाम 5 बजे से कला मंडपम प्रेक्षागृह में गायन और नृत्य का कार्यक्रम होंगे। कथक नृत्यांगना पूर्व कुलपति प्रो. पूर्णिमा पाण्डेय मुख्य अतिथि होंगी। कुमकुम धर ने बताया कि 5 फरवरी को गुवाहाटी की मरमी मेघी और मेघ रंजनी (मां-बेटी) का कथक नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। पद्मविभूषण कुमुदिनी लाखिया के कदम्ब सेंटर फॉर डांस एंड म्यूजिक की ओर से कथक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

### तीन दिवसीय श्याम निशानोत्सव 20 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्याम ज्योत मंडल की ओर से 20, 21 और 22 फरवरी को श्याम निशानोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ऐशबाग तिलक नगर के महाराजा अग्रसेन पार्क में 44वें उत्सव में दो दिनजयपुर के कुमार नरेंद्र, संजय पारीक, नवीन शर्मा और रोहित शर्मा, रांची की पूजा पारीक, कोलकाता के लव अग्रवाल, संजय शर्मा और अरविंद सहल, कानपुर के कुमार मुकेश भजनों की सरिता बहाएंगे। 22 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो तिलक नगर से शुरू होकर राम नगर, शास्त्री नगर, रकाबगंज, पांडेगंज, रानी गंज, सरांय फाटक, फतेहगंज, श्रीराम रोड, कैसरबाग, परिवर्तन चौक होते हुए बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू श्याम मंदिर जाएगी। 23 फरवरी को श्याम ध्वजा लेकर भक्तजन बस द्वारा खाटू धाम के लिए रवाना हो जाएंगे।

### शिविर में 12 लोगों ने किया रक्तदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना के लोकबंधु अस्पताल के ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर लगा। सीएमएस डॉ. राजीव कुमार दीक्षित, एमएस डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी और अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग उप्र. के सदस्य सतेंद्र कुमार बारी ने शिविर का उद्घाटन किया। एमएस ने बताया कि शिविर में 16 लोगों का पंजीकरण हुआ, जिसमें 12 लोगों का रक्तदान हो सका। रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र, डोनर कार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. पीसी तिवारी, एसपी उपाध्याय, आरके पांडेय, विपिन, राज बहादुर, नीतू, सुनीता, सुनील, आशीष, अमित, सुनील उपाध्याय, प्रमोद कुमार आदि रहे।

### पीएचसी महानगर को मिला एन्क्वास प्रमण पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन्क्वास) प्रमाणपत्र मिला है। महानगर पीएचसी की प्रभारी डॉ. मारिया अहसन ने बताया कि केंद्र को क्वालिटी सर्टिफिकेशन में 92.71 फीसदी अंक प्राप्त हुए हैं। डॉ. मारिया ने कहा यह उपलब्धि सभी कर्मचारियों, सहयोगी संस्थाओं की वजह से मिल सका है। उन्होंने ममता फाउंडेशन (एचसीएल), सीएमओ डॉ. एनबी सिंह, डॉ. नाजिया शाहीन और एसीएमओ व नोडल एन्क्वास डॉ. विनय मिश्रा का आभार जताया है।





शब-ए-बरात पर कब्रिस्तान में रोशनी और अजीजों की कब्रों को फूलों से सजाकर फातिहा पढ़ने व दुआ करने के बाद बैठीं महिलाएं और अन्य। अमृत विचार

# फूलों से कब्र सजाकर जलाई मोमबत्ती, पढ़ी फातिहा

## शब-ए-बरात पर कब्रिस्तानों-कर्बलाओं में की गई रोशनी, रात भर जागकर की इबादत और कुरानख्वानी भी की गई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इबादत और गुनाहों से माफी का त्योहार शब-ए-बरात मंगलवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। लोगों ने अजीजों की कब्रों को फूलों से सजाकर अगरबत्ती और मोमबत्ती जलाकर फातिहा पढ़ी व उनके लिए दुआ की। कब्रिस्तानों और कर्बलाओं में रोशनी की गई और लोगों ने रात भर जागकर इबादत की। कब्रिस्तानों में कुरानख्वानी भी की गई।

सुबह गरज-चमक के साथ बारिश होने से कुछ दिक्कत हुई, लेकिन बारिश रुकने के बाद से लोगों का कब्रिस्तान जाने का जो सिलसिला शुरू हुआ वह सारी रात जारी रहा। कर्बला तालकटोरा, कर्बला मलका जहां, इमामबाड़ा गुफरानमआब, इमामबाडा आगा बाकर, कर्बला मुंशी फजले हुसैन, कर्बला अब्बास बाग़, ऐशबाग, कर्बला इमदाद हुसैन खां, मिस्री की बगिया, आलमबाग, कब्रिस्तान सुप्पा, निशातगंज, तकिया मीरन शाह, खदरा, अलीगंज उर डालीगंज स्थित कब्रिस्तानों में सुबह से रात तक लोगों का हुजूम उमड़ता रहा। रात में लोगों ने अपने घरों पर तमाम तरह के हलवे और पूड़ी या पराठा इत्यादि पकवान बनाकर अपने रिश्तेदारों की फातिहा दिलाई और गरीबों में खाना वितरित किया। बच्चों ने तरह-तरह की आतिशबाजी खरीदी और देर रात तक फुलझड़ी और पटाखे चलाए।



शब-ए-बरात पर कब्र पर अपने अजीज की कब्र पर बच्चों के साथ मोमबत्ती जलातीं महिलाएं। अमृत विचार

### मेहंदी घाट पर सजा बजरा

- शियों के 12वें इमाम हजरत इमाम मेहंदी अलैहिस्सलाम के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर मेहंदी घाट पर बजरा सजाया गया। गोमती नदी में नाव पार तैयार किए जाने वाले बजरे को सजाकर उसमें तरह-तरह के हलवों पर नज्र दी गई। बड़ी संख्या में लोग बजरे पर गये और नज्र चखी और दुआएं मांगी।

### अरीजा लिखकर प्रवाहित किया

- महकते फूलों और रोशनी से जगमगाते बजरे पर बैठकर लोगों ने मन्नतें मांगीं और अरीजा लिखकर गोमती में प्रवाहित किया। मौलाना हसन जहीर ने बजरे पर इमाम की सलामती की नज्र दी। बजरे पर सजी महफिल में शायरों ने इमाम की शान में कलाम पेश किए। मंगलवार को देर रात बजरा शहीद स्मारक की ओर रवाना हुआ। दरिया वाली मस्जिद के पास आकर बजरा रुक गया। यहां पर बुधवार की दोपहर तक अकीदतमंद दुआएं मांगने आएंगे।

### महफ़िल-ए-कुरआन का हुआ आयोजन

- शब-ए-बरात के मौके पर दारुल उलूम निजामिया फिरंगीमहल ईदगाह ऐशबाग में इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया महफ़िल-ए-कुरआन का आयोजन किया। महफ़िल को इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली, आल इंडिया सुन्नी बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद मुश्ताक और मौलाना सुफियान निजामी ने खिताब किया। मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि शब-ए-बरत बहुत फजीलत वाली रात है। इस रात में बन्दों की उम्र, रोजी, सेहत और जिन्दगी का निर्धारण किया जाता है। इस रात में जो बंदे अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और आगे से गलत कामों से तौबा करते हैं, अपने लिए खैर व बरकत की दुआ मांगते हैं, अल्लाह उनकी दुआओं को पूरा करता है। शाबान के महीने की 15वीं शब को जो भी शख्स अपने गुनाहों को बख्शवाने और अपनी रोजी के लिए दुआ करता है, अल्लाह उसकी दुआ जरूर क़ुबूल करता है।

### दरगाह शाहमीना शाह में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने चादर चढाई

- **अमृत विचार चौक :** केजीएमयू परिसर स्थित दरगाह शाहमीना शाह मजार पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मंगलवार को चादर चढ़ाई। उन्होंने कहा ये मजार केजीएमयू की स्थापना से भी पहले से है। केजीएमयू की ओर से दिया गया मजार हटाने का जो नोटिस गैरकानूनी है। राय ने कहा मौजूदा सरकार हर जगह सिर्फ तोड़फोड़ की नीति पर काम कर रही है। जब विकास करने की क्षमता नहीं बचती, तब ध्यान भटकाने के लिए ऐसे मुद्दे खड़े किए जाते हैं। लखनऊ नवाबों की तहज़ीब और विरासत का शहर है। यहां की इमारतें, मजारें और दरगाहें सिर्फ धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि शहर के इतिहास का हिस्सा हैं। कांग्रेस किसी भी कीमत पर लखनऊ की ऐतिहासिक पहचान को तोड़ने नहीं देगी।



मजार पर चादर चढ़ाने के बाद दुआ करते कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय व अन्य।

# 52 दिन बाद शुक्र उदय, 5 से विवाह

## 14 मार्च के बाद लग जाएगा मीन खरमास, नहीं होंगे मांगलिक कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 52 दिन बाद पहली फरवरी को शुक्र ग्रह का उदय हो चुका है, अब 5 फरवरी से विवाह के साथ अन्य मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाएंगे। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल के अनुसार विवाह के लिए गुरु और शुक्र ग्रह का उदय रहना आवश्यक होता है। 12 दिसंबर से शुक्र ग्रह अस्त अवस्था में थे, जिसके चलते मकर संक्रांति के बाद विवाह कार्य स्थगित थे। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि अब ग्रह-नक्षत्रों के शुभ संयोग बनने से विवाह संस्कार, वर-वधु मिलन और अन्य मंगल कार्यों के लिए अनुकूल समय शुरु हो गया है। हालांकि, वर्ष के दौरान कुछ अवधि ऐसी भी रहेंगी, जब परंपरागत रूप से विवाह कार्य नहीं किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 14 मार्च के बाद एक माह के लिए मीन खरमास लग जाएगा, इस दौरान भी विवाह व अन्य मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे।



इसके अलावा इस वर्ष अधिक ज्येष्ठ मास 17 मई से 15 जून तक रहेगा। अधिक मास में भी विवाह जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। चंद्र कैलेंडर 354 दिनों का और सूर्य कैलेंडर 365 दिनों का होता है। इन दोनों के अंतर को संतुलित करने के लिए प्रत्येक 32 महीने 16 दिन बाद पंचांग में एक अतिरिक्त माह जोड़ा जाता है, जिसे अधिक मास, पुरुषोत्तम मास या मलमास कहा जाता है। इसके बाद 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरु हो जाएगा, जिससे विवाह कार्यों पर रोक लग जाएगी। पुनः 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के बाद विवाह और मांगलिक कार्य फिर से शुरू होंगे।



### विवाह मुहूर्त

- फरवरी : 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21
- मार्च : 7, 8, 9, 11, 12
- अप्रैल : 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29
- मई : 1, 3, 5, 6, 7, 8, 13, 14
- जून : 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29
- जुलाई : 1, 6, 7, 11, 12
- नवंबर : 21, 24, 25, 26
- दिसंबर : 2, 3, 4, 5, 6

### नाटक खोल में दिखी वरिष्ठ महिलाओं की सादगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** नाट्य संस्था रंग की अभिनय परक कार्यशाला में तैयार नाटक खोल का मंचन संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया गया। ज्योत्सना सिंह के इस नाटक का निर्देशन अंबरीश बॉबी ने किया। नाटक में उन वरिष्ठ महिलाओं की जिन्दगी पर बात की गई है जो अपनी सादगी की वजह से आसानी से मुश्किल में फंस जाती हैं। कुछ वरिष्ठ महिलाएं जो रोज सुबह एक पार्क में मिलती थीं, वे अपनी निजी बातें और मासूम स्वभाव साझा करती थीं, जिसका फ़ायदा एक चालाक महिला ने उठाया, जिसने उनकी उम्र का फायदा उठाते हुए उनकी निजी कहानियां जानीं और उन्हें धोखा दे दिया। नाटक में विभा चंद्रा, ज्योत्सना सिंह, रेखा कुमार, स्मृति सरन, सुषमा चंद्रा और अलका कोडेशिया ने अभिनय किया। मुख्य अतिथि आकाशवाणी की कार्यक्रम प्रमुख सुमोना एस पांडे, विशेष अतिथि पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी रहे।

**सिटी डायरी**



कला विशेषज्ञ को सम्मानित करते आयोजक।

### पुनर्वास विवि में हुआ संवाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग की ओर से "नई कला की लहरों से संवाद" विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑस्ट्रिया के प्रसिद्ध कलाकार जैकब वेइगर व अमेरिका के चर्चित कलाकार जॉन मैकगैरिटी मुख्य वक्ता रहे। दोनों कलाकारों ने अपनी कला-यात्रा, रचनात्मक प्रक्रिया, प्रयोगात्मक तकनीकों तथा समकालीन कला में प्रयुक्त नए माध्यमों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आज की कला केवल सौंदर्य तक सीमित नहीं है, बल्कि वह सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक संवाद का सशक्त माध्यम बन चुकी है। संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अंतरराष्ट्रीय कला परिदृश्य, क्रॉस-कल्चरल प्रभाव और कला शिक्षा की वर्तमान प्रासंगिकता पर विचार साझा किए। इस खुली चर्चा ने विद्यार्थियों को पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।



काली पट्टी लगाकर विरोध करता हुआ नर्सिंग स्टाफ।

### काली पट्टी पहन विरोध जताया

**अमृत विचार, लखनऊ :** कई वर्षों से लंबित मांगों के समाधान न होने के चलते पीजीआई की नर्सिंग अफसरों ने मंगलवार को काली पट्टी पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की अध्यक्ष लता सचान के नेतृत्व में वार्ड, ऑपरेशन थिएटर और इमरजेंसी सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत नर्सों ने काली पट्टी बांधकर काम किया। इस आंदोलन का अभियान 5 फरवरी तक चलेगा, जबकि 6 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दिया जाएगा। लता सचान ने बताया कि यह आंदोलन अखिल भारतीय नर्सिंग महासंघ के बैनर तले चलाया जा रहा है और इसका उद्देश्य नर्सिंग स्टाफ के वेतन, भत्ते और अन्य लंबित मांगों को पूरा कराना है। स्पष्ट किया कि इस दौरान रोगियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा।



पत्रिका का विमोचन करते व्यापारी।

### विशेषांक का हुआ विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल का मुखपत्र व्यापार पत्रिका का भ्रष्टाचार पर प्रहार विशेषांक का विमोचन मंगलवार को दारूलशफा स्थित संगठन के मुख्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने किया। प्रोफेसर रामकुमार तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार समाज का कोढ़ है और इससे बचाव के लिए सिर्फ उद्यमी और व्यापारी की पहल समाज में एक बड़ा परिवर्तन ला सकती है। स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक पूर्वी क्षेत्र अनुपम श्रीवास्त, प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, मुकेश नाग, अनुज गौतम, कामेंद्र सिंह सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।



पठन संस्कृति उत्सव में प्रतियोगी और अतिथि।

### पठन संस्कृति उत्सव मनाया गया

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में मंगलवार को पठन संस्कृति उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के लिए प्रतियोगीताएं कराई गईं। पार्थ सारथी सेन शर्मा, यतीन्द्र मिश्र, चंद्रशेखर वर्मा, हिमांशु वाजपेई और वैष्णवी की मौजूदगी में बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कृत भी किया गया।

**जागरूक किया**

सीजी सिटी अर्बन वेटलैंड में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# वेटलैंड में दूरबीन से देखे पक्षी, कैमरे में कैद भी किए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सीजी सिटी अर्बन वेटलैंड में मंगलवार को पर्यावरण प्रेमियों के साथ बच्चों ने प्रकृति का खूबसूरत नजारा देखा। दूरबीन से पंख फैलाते पक्षियों का दीदार किया और उनकी खूबसूरती को कैमरे में कैद किया। छात्र-छात्राओं ने कैनवास पर प्राकृति के रंग उकेर कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। गोमती टास्क फोर्स के सदस्यों ने स्वच्छता अभियान चलाया भी चलाया।

इसके पहले मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने सीजी सिटी अर्बन वेटलैंड वॉल का अनावरण व सोवेनियर शॉप का उद्घाटन किया। वेटलैंड लोगो के साथ कॉफी टेबल बुक लांच की गई। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सोवेनियर शॉप के माध्यम से वेटलैंड संरक्षण से जुड़े उत्पादों को आम लोगों तक पहुंचाने और संरक्षण गतिविधियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। डीएफओ सितान्शु पांडेय, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के पूर्व निदेशक डॉ. असद रहमानी, टीएसए के निदेशक डॉ. शैलेन्द्र सिंह, अम्बेडकर विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के एमए खालिद, लखनऊ विश्वविद्यालय की डॉ. अमिता कन्नौजिया व गोमती टास्क फोर्स के मेजर केएस नागी शामिल रहे।




प्रमाण पत्र व ट्रॉफी के साथ प्रतियोगिता में विजयी छात्राएं, साथ में आयोजक।

### पेंटिंग में भाविका, एक्सटेम्पोर कम्पटीशन में प्रीति प्रथम

- पेंटिंग प्रतियोगिता में भाविका यादव ने प्रथम, लक्ष्मी वर्मा ने द्वितीय एवं जानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद एक्सटेम्पोर कम्पटीशन में पर्यावरण और वेटलैंड संरक्षण पर बच्चों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इसमें प्रीति यादव ने प्रथम, सुहानी कुमारी ने द्वितीय एवं मानसी प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह, एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार एवं डीएफओ सितांशु पांडेय ने पुरस्कृत किया।



चित्र के साथ प्रतियोगी छात्रा।

## सिटी ब्रीफ

### एमयूआईटी में उद्योग आधारित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**अमृत विचार, लखनऊ:** महर्षि स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शिक्षण में समकालीन परिवर्तनों हेतु एआई विषय पर उद्योग आधारित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तकनीकी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। जिन्होंने उच्च शिक्षा की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक और अकादमिक विचार प्रस्तुत किए गए। समन्वय डॉ. कल्याण आचार्य द्वारा किया गया।

### एकेटीयू के 11 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक के 11 छात्रों का चयन सॉफ्टवेयर इंजीनियर इंटर्न के पद पर हुआ है। एडिको ग्रुप में चयनित इन छात्रों को कंपनी की ओर से दो महीने पेड ट्रेनी के तौर पर 20 हजार रुपये मिलेगा। इसके बाद आठ से दस लाख रुपये का पैकेज कंपनी परफॉर्मेंस के अनुसार देगी। इसके अलावा अन्य सुविधाएं भी मुहैया करायी जाएंगी। चयनित छात्रों को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बधाई दी है। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव के नेतृत्व में ड्राइव का आयोजन किया गया।

### अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज शिविर शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा सप्त दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का आरंभ किया गया। एनएसएस इकाई की अध्यक्ष अनुष्का यादव ने अतिथियों का स्वागत किया और नॉट मी, बट यू के मंत्र पर जोर दिया। मुख्य अतिथि प्रो. अश्विनी कुमार मिश्रा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, प्रो. अतुल शर्मा, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोण्डा तथा कॉलेज प्राचार्या प्रो. बीना राय ने सेवा व नेतृत्व पर प्रेरित किया।

### प्रभावी संवाद पर शोध प्रकाशित

**अमृत विचार, लखनऊ:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की शिक्षिका डॉ. रुचिता सुजय चौधरी और छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग संयुक्त निदेशक अरुण कुमार सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से व्यावसायिक एवं सामाजिक बैठकों में अंतरव्यक्तीय संचार की भूमिका पर केंद्रित शोध का प्रकाशन किया गया है। जिसे जर्नल इंडोनेशिया के प्रेस द्वारा प्रकाशित किया गया है।

### अनिल ध्यानी बैडमिंटन चैम्पियनशिप 5 से

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में बैडमिंटन खिलाड़ी अनिल कुमार ध्यानी की स्मृति में योनेक्स–सनराइज यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटर्न) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 5 से 8 फरवरी तक किया जा रहा है। यह जानकारी उप्र बैडमिंटन संघ के अवैतनिक सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता बीबीडी यूपी बैडमिंटन एकेडमी, विपिन खंड गोमती नगर स्थित अत्याधुनिक बैडमिंटन हाल में होगी, जिसमें प्रदेश भर से 35 से 80 वर्ष आयु वर्ग तक के लगभग 250 खिलाड़ी एवं 15 ऑफिशियल्स प्रतिभाग करेंगे।

### आर्म बॉक्सिंग में लखनऊ का शानदार प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ:** आर्म बॉक्सिंग प्रतियोगिता फेडरेशन कप 2025–2026 का आयोजन सुल्तानपुर में किया गया। प्रतियोगिता में देश भर से आए विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें ओवर ऑल टीम रैंकिंग में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा का स्थान रहा। जबकि यूपी टीम में लखनऊ के सब जूनियर कैटेगरी में सिद्धार्थ गोंडक, ईशी मौर्या, सृष्टी मौर्या, तनिष गुप्ता, अयांश जायसवाल, प्रणव, वंश और अबिकेश ने शानदार प्रदर्शन किया।

### एआई कक्षाओं का कर सकता है कायाकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का यदि विवेकपूर्ण उपयोग किया जाए तो यह छात्रों के समग्र विकास का प्रभावी माध्यम साबित हो सकता है। सीएमएस प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने एक पैनल डिस्कसन में व्यक्त किये। गूगल इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026' के अन्तर्गत बोलते हुए प्रो. किंगडन ने कहा कि एआई इससे छात्रों के वैश्विक दृष्टिकोण, रचनात्मकता एवं चिंतन पद्धति पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

# एनएसयूआई ने कुलपति कार्यालय में की नारेबाजी

## दिल्ली विवि छात्रसंघ के उपाध्यक्ष राहुल झांसला का कार्यक्रम नहीं होने से नाराज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के उपाध्यक्ष राहुल झांसला के साथ प्रस्तावित छात्र संवाद कार्यक्रम नहीं होने से एनएसयूआई से जुड़े छात्र नाराज हो गए। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन के इशारे पर भारी पुलिस बल तैनात कर कार्यक्रम को रोक दिया गया। इस दौरान कई छात्रों को हिरासत में लेकर बसों में बैठा दिया गया। इसके बाद आक्रोशित एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और कुलपति कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए।

छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों को अपराधियों की तरह देख रहा है और परिसर में लोकतांत्रिक माहौल खत्म किया जा रहा है। छात्रों ने आरोप लगाया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ताला लगाया जा रहा है। छात्र विशाल सिंह, अहमद रजा, शुभम, अंकुश, हर्षित, अखिलेश, बिलाल, सुधांशु और अभिषेक ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के उपाध्यक्ष का कार्यक्रम पहले से तय था, इसके बावजूद प्रशासन ने इसे नहीं होने दिया। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन का यह रवैया तानाशाहीपूर्ण है, जिसके खिलाफ उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। छात्रों ने कहा कि उनकी आवाज को दबाया नहीं जा सकता।



कुलपति कार्यालय पर धरना देते एनएसयूआई के सदस्य। अमृत विचार

• अभिव्यक्ति की आजादी के दमन का लगाया आरोप

# छात्रों ने यूजीसी के समर्थन में किया जोरदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूजीसी गाइडलाइंस-2026 के समर्थन में मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर और आसपास का माहौल तनावपूर्ण हो गया। बिरसा आंबेडकर फुले छात्र संगठन (बापसा) के बैनर तले बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रदर्शन किया। छात्र लविवि के गेट नंबर-3 पर एकत्र हुए और वहां से परिवर्तन चौक तक समर्थन मार्च निकाला।

मार्च के दौरान पुलिस और छात्रों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने छात्रों को रोकने का प्रयास किया, जिसके बाद करीब दो किलोमीटर तक छात्रों को दौड़ाया गया। इसके बावजूद कुछ छात्र परिवर्तन चौक तक पहुंच गए और वहीं बैठकर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने कई छात्रों को हिरासत में भी लिया।

बापसा के उपाध्यक्ष आकाश कठेरिया ने आरोप लगाया कि दो दिन पहले यूजीसी गाइडलाइंस के विरोध में जब बाहरी तत्व विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन कर रहे थे, तब धारा 144 लागू नहीं थी। अब जब छात्र समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं तो धारा 144 लगाकर उन्हें रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन यूजीसी के नए नियमों को पूरी तरह लागू कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई जिलों से छात्र लखनऊ पहुंच रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान जय भीम के नारे लगाए गए। एहतियातन कैंपस और आसपास आरपीएफ, आरआरएफ और स्थानीय थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि कोर्ट के आदेश के जरिए जल्द नियम लागू नहीं किए गए तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# परीक्षा के दौरान सीएमओ की संस्तुति पर मिलेगा अवकाश

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाओं के लिए लखनऊ जिले में कुल 121 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें प्रत्येक केंद्र पर 50 प्रतिशत वाह्य कक्ष निरीक्षक नियुक्त किए जाएंगे। जिसके लिये काफी संख्या में कक्ष निरीक्षक ड्यूटी हेतु शिक्षकों की आवश्यकता होगी। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि परीक्षा के दौरान कोई शिक्षक अस्वस्थता के कारण अवकाश का प्रार्थना पत्र देते हैं तो उसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जांच के बाद ही स्वीकृत किया जाएगा। बोर्ड परीक्षा के दौरान किसी भी शिक्षक-शिक्षिकाओं का अवकाश प्रार्थना पत्र परीक्षणोपरान्त अपरिहार्य परिस्थिति में ही स्वीकृत किया जाएगा।

# यूपी करम के खिलाड़ियों ने टाटा स्टील जमशेदपुर को 15-0 से रौंदा

## दूसरी जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** खिलाड़ियों के धमाकेदार प्रदर्शन से यूपी करम ने मंगलवार को टाटा स्टील जमशेदपुर को हराकर अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक अंडर 14 प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। 15 नंबर की टी शर्ट पहने अंशु पाल और 16 नंबर की टी शर्ट पहले देवांग चौरसिया ने जीत में अहम भूमिका निभाते हुए एकतरफा मुकाबले में टाटा स्टील जमशेदपुर को 15-0 से रौंद डाला।

गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के मो. शाहिद हॉकी एस्ट्रो टर्फ पर खेले गए बी ग्रुप के मैच में मेजबान यूपी करम ने पहले क्वार्टर में चार, दूसरे में तीन, तीसरे और चौथे में चार-चार गोल दागे। पहले क्वार्टर में चार गोल से पिछड़ने के बाद जमशेदपुर के खिलाड़ी अपनी लय पर काबू नहीं रख सके। खिलाड़ियों के बीच आपसी तालमेल का अभाव भी साफ दिखाई दे रहा था। यूपी की ओर से अंशुल पाल ने चौथे, दसवें और 12वें मिनट में गोल कर हैट्रिक पूरी की। उन्होंने कुल पांच गोल किये। देवांग चौरसिया ने भी पांच गोल किये। इनके अलावा विवेक यादव ने अबू सिद्दीकी, उज्ज्वल यादव, कार्तिक ठाकुर ने गोल कर टीम को जीत दिलाई। दो अन्य मुकाबलों में ओडिशा नवल टाटा ग्रासरूट ने जय हॉकी अकादमी तमिलनाडु को 5-0 और होली वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी पंजाब ने हॉकी त्रिपुरा को 15-0 से पराजित किया।

• 36वीं करम अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक अंडर-14 प्राइजमनी हॉकी प्रतियोगिता



# बैट्री रिक्शा रेलवे ट्रैक पर पलटा

**अमृत विचार, लखनऊः** चारबाग रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। प्लेटफार्म नंबर चार पर यात्रियों को ले जा रहा एक बैट्री रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर रेलवे ट्रैक पर पलट गया, जिससे स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि उस समय ट्रैक पर कोई ट्रेन नहीं आ रही थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस दुर्घटना में तीन यात्री और बैट्री रिक्शा चालक घायल हो गए।


प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 11 बजे बैट्री रिक्शा प्लेटफार्म नंबर चार पर तीन यात्रियों को लेकर कानपुर साइड की ओर जा रहा था। जब रिक्शा फुट ओवर ब्रिज के नीचे पहुंचा, तो चालक ने तेज कट मार दिया। अचानक लिए गए मोड़ से रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे ट्रैक पर जा गिरा।

# स्टंट करने वाले पांच अज्ञात पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जनेश्वर मिश्र पार्क के आसपास और जी-20 रोड पर खतरनाक स्टंट करने वाले थार समेत पांच एसयूवी के अज्ञात चालकों के खिलाफ गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि कार सवार आरोपितों को चिन्हित कर लिया गया है और उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में एक युवक बिना नंबर प्लेट की थार से पुलिस बैरिकेडिंग को टक्कर मारते और इसके बाद चलती गाड़ी में खतरनाक स्टंट करते हुए नजर आया। वायरल वीडियो गोमतीनगर विस्तार स्थित जी-20 रोड का बताया जा रहा है।



थार से स्टंट करता अज्ञात वाहन चालक का वायरल वीडियो।

• थार समेत पांच एसयूवी से किए स्टंट
• पुलिस ने वायरल वीडियो से किया चिन्हित

वीडियो में साफ दिख रहा है कि थार सवार युवक ने तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते हुए पुलिस बैरिकेडिंग को टक्कर मारकर गिरा दिया और फर्राटा भरते हुए आगे निकल गया। इतना ही नहीं, वायरल वीडियो में एक युवती भी चलती गाड़ी का गेट खोलकर खड़े होकर स्टंट करती दिखाई दे रही है। युवक ने यह रील अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की थी। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच में सामने आया कि जनेश्वर मिश्र पार्क रोड के आसपास और जी-20 रोड पर काले रंग की स्कॉर्पियो, बिना नंबर प्लेट की थार, सियाज कार, काली फॉर्च्यूनर और काली एक्सयूवी-700 सवार लोग दो दिनों तक स्टंट करते रहे। इस दौरान न केवल यातायात बाधित हुआ, बल्कि राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आरोपितों की हरकतों से लोगों की जान को खतरा पैदा हुआ।

# शिक्षकों का वेतन रोके जाने पर संगठन ने जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ के करीब पांच हजार परिषदीय शिक्षकों का वेतन रोके जाने से शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने इसका कड़ा विरोध जताते हुए जिलाधिकारी से मुलाकात कर वेतन तत्काल जारी कराने की मांग की है। संगठन का कहना है कि बिना स्पष्ट आदेश के वेतन रोकना पूरी तरह अनुचित है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि लखनऊ में परिषदीय शिक्षकों का वेतन मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण न भरने के आधार पर रोका गया है, जो अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति विवरण भरने संबंधी निर्देश केवल राज्य कर्मचारियों के लिए जारी किए गए हैं, जबकि परिषदीय शिक्षक राज्य कर्मचारी की श्रेणी में नहीं आते हैं।बिना किसी स्पष्ट शासनादेश अथवा निर्देश के शिक्षकों का वेतन रोका जाना मनमाना और नियमों के विपरीत है।

संगठन के मीडिया प्रभारी हरि शंकर राठौर ने बताया कि वेतन रोके जाने से शिक्षकों और उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो संगठन को आंदोलनात्मक और लोकतांत्रिक कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। इस अवसर पर जिला मंत्री बृजेश कुमार मौर्य, जिला संयुक्त मंत्री मोहम्मद रियाज, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

• संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर नहीं भरने से रुका वेतन

# लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी का वाइवा होगा अब ऑनलाइन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय में अब शोधछात्रों के वायवा से लेकर पीएचडी असेसमेंट तक ऑनलाइन किया जाएगा। इतना ही नहीं, छात्रों की उपस्थिति भी अब समर्थ पोर्टल से ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसले किए गए हैं। अब विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालयों का ऑनलाइन निरीक्षण करेगा। संकायाध्यक्षों के साथ हुई बैठक में यह निर्णय किया गया है।

विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों को अब शैक्षणिक, प्रशासनिक और भौतिक सुविधाओं का विवरण डिजिटल माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। निरीक्षण समिति अब ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से ही महाविद्यालयों की स्थिति का आंकलन करेगी। इसके अलावा शोधार्थियों के लिए पीएचडी वाइवा अब ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा। इससे देश-विदेश के विशेषज्ञों को वाइवा में सम्मिलित करना आसान होगा, शोधार्थियों को यात्रा की कठिनाइयों से मुक्ति मिलेगी।

पीएचडी शोध प्रबंध का मूल्यांकन अब ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। इससे मूल्यांकन प्रक्रिया तेज होगी, रिपोर्ट समय पर उपलब्ध होगी और शोधार्थियों को अनावश्यक विलंब से बचाया जा सकेगा। जूनियर रिसर्च फेलो से सीनियर रिसर्च फेलो में पदोन्नति हेतु मूल्यांकन अब ऑनलाइन माध्यम से होगा।

विश्वविद्यालय ने छात्रों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है।

• संबद्ध महाविद्यालयों का होगा ऑनलाइन निरीक्षण


## सिटी डायरी



जैव प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी लेते विद्यार्थी।

### जैव-प्रौद्योगिकी उपकरणों को जाना

**अमृत विचार , लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में "माइक्रोबियल बायोटेक्नोलॉजी तकनीक और इंस्ट्रुमेंटेशन" विषय पर आयोजित कार्यशाला के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने आधुनिक प्रयोगशाला उपकरणों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह कार्यशाला जैव प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बायोवर्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से तथा सीएसआईआर–राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रो. एएम. देशमुख ने जीव विज्ञान की प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बायोफिज़िक्स, बायोटेक्नोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। पूर्व आल इंडिया यूनिवर्सिटी अध्यक्ष प्रो. डी. एस. चौहान ने कहा कि वास्तविक अधिगम के लिए ज्ञान की गहराई और उद्देश्य की स्पष्टता आवश्यक है।




पुस्तक प्रदर्शनी में उपस्थित कुलपति अमर पाल सिंह व अन्य।

### विधि विवि में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

**अमृत विचार , लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में 3 से 5 फरवरी तक तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस पुस्तक मेले का आयोजन विश्वविद्यालय की मध्य पुस्तकालय द्वारा रैपिड बुक सर्विसेज के सहयोग से किया गया। पुस्तक प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार बाजपेयी की अध्यक्षता में हुआ, जबकि उद्घाटन समारोह का संचालन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अमर पाल सिंह द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज, टैक्समैन, लेक्सिसनेक्सिस, ईस्टर्न बुक कंपनी व कई प्रकाशकों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में विधि, सामाजिक विज्ञान, साहित्य, संविधान, इतिहास एवं समकालीन विषयों से संबंधित पुस्तकों का व्यापक संग्रह उपलब्ध कराया गया।



बैठक के दौरान कुलपति प्रो. जेपी सैनी व अन्य।

### पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम होगा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी वर्तमान प्लेसमेंट प्रणाली से अवगत कराया और इसे और अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित और अवसरों से समृद्ध बनाने की रणनीतियों पर चर्चा किया। कुलपति प्रो. सैनी ने छात्रों के लिए प्लेसमेंट अवसर बढ़ाने और उन्हें उच्च गुणवत्ता एवं अधिक संगठित स्वरूप में संचालित करने पर विशेष बल दिया। कुलपति ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय के सभी संकायों एवं विभागों में पाठ्यक्रमों को अधिक इंटर्नशिप-उन्मुख, व्यावहारिक और कौशल-आधारित बनाया जाए। साथ ही विभागीय स्तर पर एलुमनाई मीट आयोजित किए जाए।



प्रतियोगिता में विजयी होने के बाद सम्मानित बच्चे और अध्यापक।

### भाषण प्रतियोगिता में देवांश ने मारी बाजी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल, पलटन छावनी अलीगंज में मंगलवार को "सेव वाटर सेव लाइफ" विषय पर अंतर्शाखीय भाषण व निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें पलटन छावनी और बेलीगारद शाखा के कक्षा-2 के चयनित 24 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में बेलीगारद शाखा के देवांश चौरसिया ने प्रथम, पीहू सिंह ने द्वितीय और शिविका यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आयोजन | विभिन्न सत्रों में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

# पठन संस्कृति कार्यक्रम में पुस्तकों, कला व विचारों का समन्वय



चित्र प्रदर्शनी का निरीक्षण करते माध्यमिक शिक्षा के वरिष्ठ अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा के छात्रों का स्क्रीन टाइम कम करने और पुस्तकों के प्रति रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से पठन संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा, साहित्य और कला का प्रभावी संगम देखने को मिला। आयोजन माध्यमिक शिक्षा विभाग और नेशनल बुक ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माध्यमिक व बेसिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

कार्यक्रम में डॉ. सांत्वना तिवारी, संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, उपशिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर और जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि नियमित पठन से न केवल ज्ञान बढ़ता है, बल्कि व्यक्तित्व का भी सर्वांगीण विकास होता है।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में साहित्यकार यतीन्द्र मिश्र ने कहा कि पठन मनुष्य को केवल शब्द नहीं देता, बल्कि उसे संवेदनशील श्रोता और विचारशील नागरिक भी बनाता है। लेखक संवाद का संचालन वरिष्ठ कथाकार चंद्रशेखर वर्मा ने किया। द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय कला उत्सव एवं स्कूल बैंड प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस परेड में बेहतर बैंड प्रस्तुति के लिए खेल शिक्षिका पूजा गुप्ता को भी सम्मान प्रदान किया गया।